**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्र. 25 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
( नैक द्वारा **A++** मान्यता प्राप्त )
**कोनी,बिलासपुर- 495009 (छ.ग.)**
दूरभाष: 07752–260342 फ़ैक्स : 07752–260154
वेबसाइट: www.ggu.ac.in

**Guru Ghasidas Vishwavidyalaya**
(A Central University Established under the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)
(A++ Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260342, Fax : 07752-260154
Website : www.ggu.ac.in

Ref. No. 298 /Academic/2025 Bilaspur, Date- 19-05-2025

# सीयूईटी स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश

**सीयूईटी स्नातकोत्तर प्रवेश – 2025-26 के लिए** निम्नानुसार अधिसूचना जारी की जाती है -

1. प्रवेश प्रक्रिया: चरण-

**ऑनलाइन पंजीकरण – ऑनलाइन काउंसिलिंग – ऑनलाइन शुल्क जमा करना – भौतिक सत्यापन-प्रवेश**
**ऑनलाइन पंजीकरण** **लिंक- http://new.ggu.ac.in या http://ggvcuet.samarth.edu.in/pg .**

2. पंजीकरण शुल्क-
   अ . अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस के लिए 300.00 रुपये
   ब. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी के लिए 200.00 रुपये
3. आवेदकों को काउंसिलिंग के माध्यम से CUET PG 2025 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा-

| कार्यवाही | तिथि | संबंधित विभाग में रिपोर्टिंग/पंजीयन का समय |
|---|---|---|
| प्रवेश और काउंसिलिंग के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन | 20.05.2025 से 05.06.2025 तक | प्रवेश प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीयन कराना होगा |
| आवेदकों की समग्र प्रावीण्य सूची और शुल्क जमा करने के लिए प्रावीण्य सूची की घोषणा - प्रथम चरण | 10.06.2025 | |
| प्रवेश के प्रथम चरण के लिए अभ्यर्थियों द्वारा समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन शुल्क जमा करना | 11.06.2025 से 14.06.2025 तक | |
| शुल्क जमा करने के लिए प्रावीण्य सूची की घोषणा- दूसरा चरण | 17.06.2025 | |
| प्रवेश के दूसरे चरण के लिए अभ्यर्थियों द्वारा समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन शुल्क जमा करना | 18.06.2025 से 21.06.2025 तक | |
| प्रथम एवं द्वितीय चरण में अनंतिम प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं उपस्थित होना (रिपोर्टिंग) एवं दस्तावेजों का सत्यापन (अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र आदि) | 01.07.2025 से 03.07.2025 तक | |
| भौतिक सत्यापन के बाद रिक्ति और आगे प्रवेश के | 04.07.2025 | |

| | |
|---|---|
| लिए की प्रावीण्य सूची की घोषणा | |
| ऑफ़लाइन काउंसिलिंग | 14.07.2025 |
| कक्षाओं का प्रारंभ | 23.07.2025 |

4. सभी आवेदक जो सीयूईटी स्नातकोत्तर प्रवेश 2025 में उपस्थित हुए हैं, वे प्रवेश के लिए पंजीयन **लिंक-** http://new.ggu.ac.in या http://ggvcuet.samarth.edu.in/pg पर अपना पंजीयन करा सकते हैं ।
5. **पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय उपरोक्त उल्लिखित तिथियों पर प्रावीण्य सूची घोषित करेगा।**
6. **प्रवेश के लिए चुने गए अभ्यर्थी उपरोक्त तिथियों पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रथम सेमेस्टर/प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। यदि प्रवेश के लिए चुने गए कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर ऑनलाइन शुल्क जमा नहीं करेंगे, तो उन्हें बाद की प्रवेश प्रक्रिया में शुल्क का भुगतान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उनकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द हो जाएगी।**
7. **सभी आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।**
8. **सभी आवेदक जिन्हें ऑनलाइन काउंसिलिंग के प्रथम एवं द्वितीय चरण के बाद प्रवेश मिला है, उन्हें उपरोक्त तिथियों पर निम्नलिखित मूल दस्तावेजों के साथ संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना होगा -**

   i. 10 वीं /हाई स्कूल अंकसूची
   ii. 12 वीं /हायर सेकंडरी अंकसूची
   iii. स्नातक/स्नातकोत्तर अंकसूची(उत्तीर्ण होने की स्थिति)
   iv. जाति/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, यदि लागू हो
   v. जीजीवी सीयूईटी पीजी आवेदन पत्र
   vi. सीयूईटी पीजी स्कोर कार्ड
   vii. स्थानांतरण प्रमाण पत्र
   viii. ऑनलाइन जमा की गई सेमेस्टर शुल्क की रसीद

   यदि कोई अभ्यर्थी शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं होगा या उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थता दिखाएगा या कार्यक्रम के लिए अयोग्य पाया जाएगा, तो उसका प्रवेश भौतिक सत्यापन के बाद रद्द माना जाएगा और प्रवेश के अगले चरण के लिए सीट रिक्त घोषित कर दी जाएगी।
9. विभागाध्यक्ष अपनी प्रवेश समिति के माध्यम से अभ्यर्थी की पात्रता की जांच करेंगे तथा भौतिक सत्यापन के दौरान आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे।

10. जिन अभ्यर्थियों ने अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, या अर्हकारी या समकक्ष कार्यक्रम में अनुत्तीर्ण या पूरक या एटीकेटी घोषित हुए हैं, उन्हें भौतिक सत्यापन के समय प्रवेश लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
11. ऑफ़लाइन काउंसिलिंग में उपस्थिति या प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त होने मात्र से आवेदक को किसी विषय में प्रवेश के लिए विचार किए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता, जब तक वह आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ पात्रता की शर्तें पूर्ण नहीं कर लेता/लेती। अगर किसी आवेदक को अनजाने में प्रवेश की अनुमति दे दी जाती है, जो आवश्यक दस्तावेजों के साथ न्यूनतम पात्रता की शर्त को पूर्ण नहीं करता/करती है, तो विश्वविद्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
12. विश्वविद्यालय में एक बार जमा की गई फीस कक्षाएं शुरू होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को वापस नहीं की जाएगी। हालांकि, विश्वविद्यालय के सुसंगत अध्यादेशों के प्रावधानों के अनुसार उम्मीदवारों को प्रतिदेय शुल्क वापस किया जाएगा।
13. **उम्मीदवारों की प्रावीण्य सूची CUET PG 2025 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तय की जाएगी। हालाँकि, काउंसिलिंग के दौरान, CUET अंकों में किसी भी तरह की बराबरी की स्थिति में, स्नातक कक्षा के उच्च प्रतिशत को मेरिट के लिए माना जाएगा, आगे बराबरी की स्थिति में कक्षा 12 वीं के उच्च प्रतिशत और फिर 10 वीं कक्षा के उच्च प्रतिशत को मेरिट के लिए माना जाएगा। आगे की बराबरी की स्थिति में उम्र में अधिक बड़े छात्रों को मेरिट में शामिल किया जाएगा।**
14. विभागाध्यक्ष प्रत्येक चरण के प्रवेश के बाद संबंधित अधिष्ठाता से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.new.ggu.ac.in पर प्रवेशित छात्रों और रिक्त सीटों की सूची प्रकाशित करेंगे। विभाग द्वारा प्रवेशित छात्रों का विवरण समर्थ पोर्टल पर भी दर्ज किया जाएगा।
15. सभी सत्यापन और प्रावीण्य सूची तैयार करने का काम विभाग की प्रवेश समिति द्वारा किया जाएगा। विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रवेश प्रक्रिया का समन्वय करेंगे और काउंसिलिंग के समय आवश्यकतानुसार प्रवेश के लिए आवश्यक अनुमोदन प्रदान करेंगे।

**By Order**

**Registrar (Acting)**

Endt. No. 299 /Academic/2025 Bilaspur Date:- 19-5-2025

Copy to –

1. PS/PA to VC for information and record.
2. All HoDs/Officers/Deans/CoE of Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur for information please.
3. The Director, IQAC, Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur for information please.
4. Finance Officer, Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur for information please.
5. Incharge, Audit Section, Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur for information please.
6. DSW, Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur for information please.
7. The Coordinator, IT Cell, GGV for information and to upload it on website for general information.
8. Office File.

**Assistant Registrar (Academic)**